## एक नजर में

### इनकम टैक्स कर्मचारी की ट्रेन से कटने से मौत

**रतलाम।** इनकम टैक्स विभाग में कार्यरत कर्मचारी की मौत हो गई। यह घटना प्रतापनगर के सामने रेलवे ट्रैक पर हुई है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि रेलवे पटरी क्रास करने के दौरान यह हादसा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स विभाग में कार्यरत रितेश पिता मनोज शर्मा प्रताप नगर क्षेत्र स्थित शासकीय वाटर में रहता है। बुधवार रात में प्रताप नगर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सिद्धार्थ नगर निवासी अनिरुद्धसिंह पिता ब्रजबिहारी पुष्कर ने इसकी सूचना स्टेशन रोड पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बना और शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां गुरुवार सुबह उसका पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया। जांच कर रहे स्टेशन रोड थाने के एएसआई विजय बामनिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि रितेश रात में रेलवे ट्रैक क्रास कर रहा था उसी दौरान यह हादसा हुआ है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### देहदान/अंगदान करने वाले नागरिकों के परिजनों का सम्मान होगा

**रतलाम।** शासन द्वारा देहदान/अंगदान करने वाले नागरिकों के सम्मान के दृष्टिगत देहदान अथवा हृदय/लीवर गुर्दे का दान करने के उपरांत उनके परिजन को 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के जिला कार्यक्रमों में सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया है। देहदान अथवा हृदय/लीवर/गुर्दे का अंगदान करने वाले नागरिक के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जाएगा।

### अलग-अलग हादसों में छह की मौत

**रतलाम।** जिले में अलग-अलग हादसों में छह लोगों की मौत हो गई। बिलपांक थाना क्षेत्र में सांप काटने से महिला, दुर्घटना में युवक, रावटी थाना क्षेत्र में पानी में डूबने से बालिका, कालूखेड़ा में गर्भपात होने से नवजात शिशु, आलोट में चाकू लगने से युवक की तथा शिवगढ़ थाना क्षेत्र में निर्माणधीन पुलिया पर हुई दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। उक्त सभी मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम कचलाना निवासी परथुडी बाई पति मोहनलाल मईडा उम्र 68 वर्ष को सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं ग्राम खवरा निवासी देवीलाल उर्फ बबलू पिता बद्री निनामा उम्र 19 वर्ष दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम महुड़ी का माल निवासी रितिका पिता अमरसिंह उम्र 5 वर्ष की पानी में डूबने से मौत हो गई। वहीं कालूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम तालीदाना निवासी एकगर्भवती दुर्घटना में घायल हो गई, ऐसी स्थिति में उसका गर्भपात हो गया और नवजात शिशु की मौत हो गई। वहीं आलोट थाना क्षेत्र के ग्राम धरोला में पानी पिलाने की बात को लेकर हुए विवाद में 26 वर्ष के समरथ पिता गोवर्धनलाल चौधरी को उसके पिता गोवर्धनलाल चौधरी से कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर विवाद होने पर पिता ने बेटे समरथ पर चाकू से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई कन्हैयालाल की रिपोर्ट पर आलोट पुलिस जांच कर रही है। वहीं शिवगढ़ थाना क्षेत्र के सैलाना और शिवगढ़ रोड पर निर्माणधीन पुलिया पर हुई दुर्घटना में बबलू पिता हकरू कटारा उम्र 19 वर्ष निवासी आबाकुडी (सैलाना) की मौत हो गई। उक्त सभी प्रकरण में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री आज अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि करेंगे वितरण

**रतलाम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई विभिन्न क्षतियों जैसे जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति एवं अन्य क्षति के लिये प्रभावितों को 8 अगस्त को सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे और हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल ने बताया कि प्रदेश के जिलों में मानसून काल वर्ष 2025 में प्राकृतिक आपदा एवं अतिवृष्टि, बाढ़ से हुई क्षति के प्रभावितों को राहत राशि वितरित की जा रही है।

### किसान भाईयों को कीडे एवं बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक सलाह

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि वर्तमान में खरीफ की फसलें जैसे सोयाबीन, कपास, मक्का आदि अच्छी स्थिति में लहलहा रही है। सोयाबीन की फसल पर कुछ स्थानों पर पीला मोजेक/सोयाबीन मोजेक के रोग ग्रस्त पौधें पाए गए है। रोग ग्रस्त पौधें को खेत से उखाड़कर नष्ट करें। इन रोगो को फैलाने वाले वाहक सफेद मक्खी/एफिड की रोकथाम के लिये थायोमिथाक्सम+लेम्ब्डासायलोथ्रिन (125 एम.एल/एच.ए.सी) का घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा किसान भाई सफेद मक्खी के नियंत्रण के लिये अपने खेत में 07-08 स्थानों पर पीला स्टिकी ट्रेप लगायें। निचले खेतो में जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है। वर्तमान में सोयाबीन फसल में आंशिक रूप से सेमीलूपर इल्ली का प्रकोप देखा गया है तथा मक्का फसल में फॉल आर्मी वार्म का प्रकोप पाया गया है। जिसके नियंत्रण के लिये इमामेक्टिन बेंजोएट दवाई का छिड़काव करने की किसानों को सलाह दी गई। किसान भाई दवाई विक्रेताओं से दवाई खरीदते समय पक्का बिल ले तथा दवाई के बोतल पर लिखे गये निर्देशों को पढ़कर ही कीटनाशक दवाईयों का उपयोग करें।

### संयोग पर्वी श्रोताओं के गायन से महका गुलाब चक्कर

**रतलाम।** नगर की पुरातनकालीन धरोहर गुलाब चक्कर जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् के प्रयासों से नगर की गीत संगीत अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन की श्रृंखला में अभिनव प्रयासों से नगरवासियों को धरोहर से जोड़ने में हरसंभव प्रयत्नशील हैं। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार जिला रतलाम योग संगीत संस्थान द्वारा 5 अगस्त की शाम संगीतमय योग पर्वी के नाम रही आयोजन में उपस्थित श्रोताओं व संगीत संस्थानों द्वारा अपने नाम की पर्वी निकलने पर मनपसंद गायन प्रस्तुति का संयोग बना भोपाल से रतलाम आए ऐसे प्रतिभाशाली गायकों को प्राचीनतम धरोहर गुलाब चक्कर में पहली बार मंच पर गायन का सौभाग्य मिला। संयोजक प्रकृति योग सेवक विशाल कुमार वर्मा ने रुपरेखा योग उपदेश वाचन संचालन कर रचनात्मक आयोजन किया गया। योग संगीत हमारे शारीरिक मानसिक आंतरिक शक्ति को जागृत करने में अहम भूमिका निभाता हैं। इस तरह के अनुठे आयोजन की सराहना जनता जनार्दन ने की संयोग से जादूगर सम्राट ने अपने हाथों की कला प्रदर्शन जादूगरी से सबको अचंभित कर दिया।

# मेडिकल कॉलेज में रैगिंग करने वाले दोनों विद्यार्थी निष्कासित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शासकीय डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय मेडिकल कॉलेज में रैगिंग करने वाले दो स्टूडेंट्स को निष्कासित कर दिया गया हैं। यह निर्णय एंडी रैंगिंग कमेटी की बैठक में लिया गया।

- नशे में आए सीनियर ने जूनियर स्टूडेंट के बाल काटे
- एंडी रैगिंग कमेटी की बैठक में लिया निणर्य




शासकीय डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय मेडिकल कॉलेज में बुधवार रात रैगिंग की घटना सामने आई।सेकेंड ईयर एमबीबीएस के दो छात्र नशे की हालत में फर्स्ट ईयर के हॉस्टल में घुसे और एक छात्र के सिर पर ट्रिमर चलाकर बाल काट दिए। दूसरे छात्र से शराब मंगवाई। घटना की शिकायत कॉलेज प्रशासन और पुलिस को दी गई है। फिलहाल एंटी रैगिंग कमेटी जांच कर रही है। फर्स्ट ईयर के छात्र ने शिकायत में बताया कि सेकेंड ईयर के छात्र आयुष्मान पांडे और अमोलिक वर्मा नशे में उसके कमरे में घुसे। दोनों 2023 बैच के छात्र हैं।

उन्होंने पहले शराब पी, फिर गाली-गलौज और धमकाना शुरू कर दिया। ट्रिमर से बाल काट दिए और एक अन्य साथी से शराब लाने को कहा। जब हॉस्टल के अन्य छात्रों को रैगिंग की जानकारी मिली तो उन्होंने इसका विरोध किया। इस पर दोनों सीनियर छात्रों ने और हंगामा किया।

मौके पर पहुंची डीन, वार्डन और स्टाफ के आने से पहले ही दोनों आरोपी छात्र हॉस्टल की पीछे की दीवार से कूदकर भाग निकले। वे अपनी बाइक मौके पर ही छोड़ गए। कॉलेज प्रबंधन को मिली सूचना, बाइक जत की गई कॉलेज प्रशासन को जब घटना की सूचना मिली तो डीन अनिता मूथा, हॉस्टल वार्डन डॉ. देवेंद्र चौहान व अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे।

गुरूवार को हुई एंडी रैगिंग कमेटी की बैठक के बाद डीन डीन डॉ. अनिता मूथा ने बताया कि आयुष्मान को एक साल के लिए सभी एकेडमिक गतिविधियों और यूनिवसिर्टी एग्जाम से बाहर कर दिया हैं। उसे हॉस्टल समेत कॉलेज कैंपस से एक साल तक के लिए निष्कासित किया गया हैं। वहीं अमोलिक वर्मा को 6 माह के लिए बाहर किया गया हैं। वह भी किसी भी एकेडमिक गतिविधि या एग्जाम में शामिल नहीं हो सकेगा।

### लिखित शिकायत पर दी

घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत पहुंचे डीन डीन डॉ. अनिता मूथा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही हम हॉस्टल पहुंचे। पता चला कि सेकेंड ईयर के छात्र शराब के नशे में थे। उन्होंने एक छात्र से शराब मंगाई और दूसरे के बाल ट्रिमर से काटे। पुलिस को सूचना दी गई और हॉस्टल की तलाशी में यह बात सामने आई। डीन डीन के अनुसार लिखित शिकायत की गई हैं। एफआईआर अभी नहीं करवाई गई।

# महिला के पेट से सर्जरी कर निकाली 5 किलो वजनी गठान

**रतलाम।** सिविल सर्जन डॉ. एम. एस. सागर ने बताया कि जिला चिकित्सालय रतलाम के चिकित्सकों द्वारा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाए प्रदान की जा रही है।

**जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की टीम ने सफल ऑपरेशन किया**

श्रीमती मोहन बाई पिता मानसिंह उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम अर्जला ब्लॉक जावरा खून की कमी , 3 साल से पेट में दर्द और पेट में गठान महसूस होने की शिकायत को लेकर जिला चिकित्सालय रतलाम में 29 जुलाई 2025 को आई थी। चिकित्सकों ने उनका प्रारंभिक परीक्षण किया तथा खून की जांच, सोनोग्राफी और सिटी स्कैन करवाई , तो मरीज के पेट में बड़ी गठान होने की पुष्टि हुई। महिला को डॉ. मुकेश डाबर सर्जिकल स्पेशलिस्ट द्वारा जिला चिकित्सालय रतलाम के फीमेल सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया। भर्ती के दौरान उनका हीमोग्लोबिन कम होना पाया गया। हीमोग्लोबिन की मात्रा सही करने के लिए उन्हें दो यूनिट ब्लड चढ़ाया गया।

उनका ऑपरेशन डॉक्टर बी. एल. तापड़िया सर्जन, डॉ. मुकेश डाबर सर्जन और डॉ महेश मौर्य निश्चेतना विशेषज्ञ और जिला चिकित्सालय रतलाम के नर्सिंग ऑफिसर के सहयोग से किया गया तथा जटिल ऑपरेशन करके गठान निकाली गई। ऑपरेशन के बाद श्रीमति मोहन बाई को स्वस्थ होने पर 7 अगस्त 2025 को डिस्चार्ज कर दिया गया।

### सोनोग्राफी और सिटी स्कैन में दिखी थी गठान

चिकित्सकों ने उनका प्रारंभिक परीक्षण किया तथा खून की जांच, सोनोग्राफी और सिटी स्कैन करवाई , तो मरीज के पेट में बड़ी गठान होने की पुष्टि हुई। महिला को डॉ. मुकेश डाबर सर्जिकल स्पेशलिस्ट द्वारा जिला चिकित्सालय रतलाम के फीमेल सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया।

## आज श्रावणी उपाकर्म का आयोजन

**रतलाम।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज रतलाम के तत्वाधान में सामूहिक श्रावणी उपाकर्म का आयोजन शनिवार को गंगा आश्रम, चम्पाविहार के पास, सागोद रोड़, रतलाम पर पं. चन्द्र शेखर जोशी के सानिध्य में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम संयोजक पुष्पेंद्र जोशी ने बताया कि रक्षाबंधन दिनांक 9 अगस्त प्रातः 7 बजे से हेमाद्री, दशविध स्नान, प्रायश्चित ,तर्पण ,जनेऊ परिवर्तन के बाद हवन के साथ श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम सम्पन्न होगा । सभी महानुभाव अपने साथ पूजापात्र,आचमनी,तर्बाना,पंचपात्र, आसन,धोती, टावेल लावे, शेष सभी पूजा सामग्री निशुल्क उपलब्ध रहेगी।

# 11 दुकानदारों पर अतिक्रमण व कचरा तथा गंदगी करने पर किया जुर्माना

**रतलाम।** ऐसे दुकानदार जो कि अपनी दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करते हैं व कचरा तथा गंदगी करते है उन पर नगर निगम द्वारा सामान जब्ती व जुर्माने के कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 11 दुकानदारों जुर्माना कर सामान जब्त किया गया।

नगर निगम स्वास्थ्य विभाग व स्पॉट फाईन दल ने लोकेन्द्र टॉकिज, सैलाना बस स्टैण्ड, सज्जन मिल रोड, 80 फीट रोड पर अतिक्रमण व कचरा एवं गंदगी करने पर राजभोग पर 2000, सोनी व चाय-पानी पर 500-500, मंगा भाई, भारत सुनीता, विजय, शिवानी, तेजाभाई, बबीता, भेरूलाल, खेतल रेस्टोरेंट पर 250-250 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में अतिक्रमण व कचरा तथा गंदगी ना करने की समझाईश दी। उक्त कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी राजेंद्र सिंह पवार के निर्देशन में झोन प्रभारी पर्वत हाडे, किरण चौहान, तरुण राठौड, आशीष चौहान, विनयसिंह चौहान के अलावा दीपेश भारती, कमलेश कसान, राजू लश्करी आदि के द्वारा की गई।

# मेसर्स महावीर एग्रो सेल्स फर्म का लाइसेंस निंलबित

**रतलाम।** अनुविभागीय अधिकारी कृषि, अनुभाग सैलाना के नेतृत्व में सहायक संचालक कृषि निरीक्षक रतलाम द्वारा मेसर्स महावीर एग्रो सेल्स रामपुरिया रोड शिवपुर फर्म का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म द्वारा बिना कंपनियों के अधिकार पत्र जुडवायें व्यवसाय करना पाया गया। इस हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया जिसका जवाब आज तक प्राप्त नहीं होने से एवं फर्म मे पायी गयी अनियमियतता के आधार पर कीटनाशी अधिनियम 1968 नियम 1971 के अनुसार उल्लंघन पाया गया फर्म द्वारा मासिक प्रतिवेदन भी नहीं भेजा जा रहा था जिसका प्रस्तुत जवाब समाधान कारक नहीं होने से कीटनाशी अधिनियम 1968 नियम 1971 के अनुसार उल्लंघन करते हुए व्यवसाय किया जा रहा था। कीटनाशी अधिनियम 1968 कि धारा 29(1)(अ) के उल्लंघन का दोषी मानते हुए मेसर्स महावीर एग्रो सेल्स रामपुरिया रोड शिवपुर विकासखण्ड रतलाम को प्रदाय कीटनाशी लाइसेंस क्रमांक क्र/434/1408/7/2020 दिनांक 30.06.2020 को लाइसेंस अथॉरिटी एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर किया दिया है।

## नगर सरकार के तीन वर्ष पूर्ण, महापौर का किया सम्मान

**रतलाम।** नगर निगम के सफलतम् तीन वर्ष पूर्ण होने पर महापौर प्रहलाद पटेल का सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 40 धर्मेन्द्र व्यास व वार्ड के कार्यकताओं ने पुष्पमाला तथा शाल-श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, संजय शर्मा, वैभव व्यास, ललीत चौपड़ा, निलय व्यास, दिनेश जाट, राजू सुरोलिया, चेतन व्यास, पार्षद श्रीमती प्रीति कसेरा, पूर्व महापौर परिषद सदस्य पवन सोमानी, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, संजय कसेरा आदि उपस्थित थे।

# रक्षाबंधन त्यौहार : नाप-तौल विभाग ने दुकानों पर की जांच

**रतलाम।** कलेक्टर राजेश बाथम के मार्गदर्शन में रक्षाबंधन त्यौहार पर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में भारत भूषण निरीक्षक नाप-तौल रतलाम द्वारा रतलाम शहर में स्थित मावा, मिठाई एवं नमकीन निर्माता एवं विक्रेता संस्थानों पर नाप-तौल उपकरणों और पैंकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें न्यू गुजराज स्वीट्स मार्ट दो बत्ती चौराहा, पंडित राज गराडू चांदनी चौक, श्री हरी ट्रैडर्स मावा विक्रेता चांदनी चौक, न्यू कन्हैया स्वीटस् चौमुखी पुल, श्री बालाजी स्वीटस् एंव नमकीन न्यूरोड़, गैलड़ा नमकीन भण्डार दौलतगंज, शंकरलाल मावा वाला चांदनी चौक, सुभाषचंद मागीलाल मावा वाला चांदनी चौक,पर पैंकेज बंद वस्तुएं, इलेक्ट्रोनिक्स तौल कांटा, मेकेनिकल तौल कांटा और लौहा बांट जप्ती किए गए है। भारत भुषण निरीक्षक नाप-तौल रतलाम ने उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पैकेज बंद



वस्तुएं खरीदते समय पैंकेज बंद वस्तुओं पर निमार्ता/पैककर्ता का नाम व पूर्ण पता, वस्तु का नाम ,वस्तु की शुद्ध मात्रा,वस्तु का अधिकतम विक्रय मूल्य (सभी करों सहित), यूनिट सेल प्राईज, वस्तु के निर्माण का माह व वर्ष, बेस्ट बीफोर का माह व वर्ष अवश्यक देखने हेतु आग्रह किया है।

# नवोदय विद्यालय में संकुल स्तरीय कला उत्सव आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**आलोट।** स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट रतलाम 2 म प्र के प्राचार्य शांतिलाल तेली ने बताया कि नवोदय विद्यालय क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के निर्देशानुसार विद्यालय में कला उत्सव का आयोजन किया गया,जिसका शुभारंभ जनपद पंचायत सी ई ओ श्रीमती पूजा गुप्ता द्वारा किया गया।

**23 जिलों के 219 विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियां प्रस्तुत दी**

मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा गुप्ता का स्वागत विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल तेली एवं उप प्राचार्य सुचिता खुराना द्वारा किया गया। कला उत्सव के अंतर्गत नवोदय विद्यालयों के 23 जिलों के 219 विद्यार्थियों द्वारा संगीत के शास्त्रीय,सुगम संगीत, तालवाद्य, सुशीर,तंतु वाद्य एवं वाद्यवृंद क्षेत्र में अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां प्रस्तुत दी गई जबकि कला के क्षेत्र में 2 डी, 3 डी, खिलौना आर्ट एवं लोकल क्रॉफ्ट आदि क्षेत्रों में अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। कला उत्सव में कहानी सुनाओ प्रतियोगिता भी संपन्न हुई। कला उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओ के निर्णायक के रूप में पंडित सुधीर भट्ट, डा परमानंद गंधर्व, रमेश सोनगरा,सतीश गंगवाल, सुषमा तरानेकर एवं संदीप पांचाल उपस्थित रहे। संपूर्ण कला उत्सव को आयोजित करने में विद्यालय के संगीत शिक्षक गजानन रणदीव,कला शिक्षक मेघराज मीणा के साथ परवेज खान का विशेष योगदान रहा। कला उत्सव में विभिन्न 23 नवोदय विद्यालयों के पधारे हुए 35 शिक्षकों द्वारा भी अपना अमूल्य योगदान विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को आकर्षक बनाने में प्रदान किया गया।




प्राचार्य द्वारा बताया गया कि इन विद्यार्थियों से श्रेष्ठ प्रतिभागियों को क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु चयनित किया जाएगा। संचालन विद्यालय पुस्तकालय प्रभारी मनोज कुमार जोशी द्वारा किया गया।



# परिवारिक विवाद में पिता ने की बेटे की हत्या

**रतलाम/आलोट।** जिले के आलोट थाना क्षेत्र के ग्राम धरोला में एक पिता ने ही अपने बेटे की जान ले ली। पति-पत्नी के विवाद में बीच बचाव करने गए 24 वर्षीय बेटे की पिता ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 11.30 बजे समरथ निवासी ग्राम धरोला अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी घर के अंदर उसके माता व पिता में पानी देने की बात को लेकर विवाद होने लगा। शोर सुनकर समरथ घर मे जाकर पिता आरोपित गोवर्धन को समझाने लगा, तभी गोवर्धन ने समरथ पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में समरथ के गले पर चोट लगी तथा वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे आलोट के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित किया गया। गुरुवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव उसके परिजन को सौंप दिया। गुरुवार सुबह कुछ परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण आलोट पुलिस थाने पहुंचे व आरोपी गोवर्धन पर सख्त कार्रवाई करने व उसका जुलूस निकालने की मांग करने लगे। इस दौरान किसी बात को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हंगामे की स्थिति बन गई। लोगों ने थाने के सामने सड़क पर जाकर चक्काजाम कर दिया। कुछ ही देर में पुलिस अधिकारियों ने समझाइश देकर जाम खुलवाया।

### थाने के सामने किया चक्काजाम

गुरुवार सुबह कुछ परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण आलोट पुलिस थाने पहुंचे व आरोपी गोवर्धन पर सख्त कार्रवाई करने व उसका जुलूस निकालने की मांग करने लगे। इस दौरान किसी बात को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हंगामे की स्थिति बन गई। लोगों ने थाने के सामने सड़क पर जाकर चक्काजाम कर दिया।

# दर्शनावरणीय कर्म आत्मा के दर्शन गुण को आवृत करता है : मसा

**जावरा।** महासती सरिताश्री मसा, मधुर व्याख्यानी प्रियंकाश्री मसा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार द्वारपाल राजा के दर्शन में बाधक होता है, उसी प्रकार जो कर्म-वर्गणाएँ आत्मा की दर्शन-शक्ति में बाधक होती हैं वे दर्शनावरणीय कर्म कहलाती हैं। ज्ञान से पहले होने वाला वस्तु-तत्व का निर्विशेष बोध, जिसमें सत्ता के अतिरिक्त किसी विशेष गुण धर्म की प्राप्ति नहीं होती दर्शन कहलाता है। दर्शनावरणीय कर्म आत्मा के दर्शन गुण को आवृत करता है। ज्ञानावरणीय कर्म के समान ही छह प्रकार के अशुभ आचरण के द्वारा दर्शनावरणीय कर्म का बंध होता है। सम्यक्दृष्टि की निन्दा करना अथवा उसके प्रति अकृतज्ञ होना, मिथ्यात्व या असत् मान्यताओं का प्रतिपादन करना, शुद्ध दृष्टिकोण की उपलब्धि में बाधक बनना, सम्यक्दृष्टि का समुचित विनय एवं सम्मान नहीं करना, सम्यक्दृष्टि पर द्वेष करना, सम्यक्दृष्टि के साथ मिथ्याग्रह सहित विवाद करना। दर्शनावरणीय कर्म का विपाक- उपयुक्त अशुभ आचरण के कारण आत्मा का दर्शन गुण नौ प्रकार से कुंठित हो जाता है। चक्षुदर्शनावरण-नेत्रशक्ति का अवरुद्ध हो जाना। अचक्षुदर्शनावरण-नेत्र के अतिरिक्त अवरुद्ध हो जाना। अवधिदर्शनावरण- सीमित अतीन्द्रिय दर्शन की उपलब्धि में बाधा उपस्थित होना। केवलदर्शनावरण- परिपूर्ण दर्शन की उपलब्धि का नहीं होना। निद्रा-सामान्य निद्रा। निद्रानिद्रा- गहरी निद्रा। प्रचला- बैठे-बैठे आ जाने वाली निद्रा। प्रचला-प्रचला चलते-फिरते भी आ जाने वाली निद्रा। स्त्यानगृद्धि-जिस निद्रा में प्राणी बड़े-बड़े बल-साध्य कार्य कर डालता है। अन्तिम दो अवस्थाएँ आधुनिक मनोविज्ञान के द्विविध व्यक्तित्व के समान मानी जा सकती हैं। उपर्युक्त पाँच प्रकार की निद्राओं के कारण व्यक्ति की सहज अनुभूति की क्षमता में अवरोध उत्पन्न हो जाता है। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्रीसंघ अध्यक्ष समाज भुषण इंदरमल टुकडियां एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीमाल ने बताया कि तपस्वी जिनशासन रत्न प्रकाश पितलीया ने 82 उपवास के प्रत्याख्यान महासती से लिए दिवाकर भवन पर एकासना का आयोजन किया। जिसमें श्राविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एकासना के लक्की ड्रॉ के लाभार्थी समाजरत्न कनकमल संजय कुमार, रौनक कुमार सुराणा रहे। गुरुदेव चौथमल मसा के तेरस के जाप के लाभार्थी स्वर्गीय सोहनदेवी डांगी की स्मृति में दीपचंद मनोज कुमार, संयम डांगी परिवार रहे। धर्मसभा का संचालन महामंत्री महावीर छाजेड़ ने किया।



## 37 छात्र-छात्राओं को किया साइकिल का वितरण

**जावरा ।** शासकीय हाई स्कूल ग्राम लसूडिया जंगली में गुरुवार को ग्राम पंचायत सरपंच मुरलीधर उपाध्याय की उपस्थिति में 21 बालक एवं 16 बालिकाओं को कुल 37 साइकिलें छात्र-छात्राओं को राज्य शासन द्वारा दी गई नि:शुल्क वितरण किया। जिसमें प्राचार्य मोहम्मद रज्जाक खान एवं स्टाफ सदस्य राजूनाथ शिकारी, पारसचंद मालवीय, संजय चौहान, धर्मेंद्र डोडिया, ईश्वर चौहान, समरथमल कुमावत, सम्राट सोलंकी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया। सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं लाभान्वित छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन संजय चौहान ने किया एवं आभार पारसचंद मालवीय ने माना।


